# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

# SAMPLE PAPER

**PERIODIC TEST – II SESSION 2025 – 26**

**CLASS – IX**

**TIME : 1. 30 MIN.** **SUBJECT – HINDI** **M.M:40**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**
- **इस प्रश्नपत्र में 4 खंड हैं ।**
- **दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
- **सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।**

**खंड 'क'**

**(1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(5×1=5)**

निंदा की ऐसी ही महिमा है। दो-चार निंदको को एक जगह बैठकर निंदा में निमग्न देखिए और तुलना कीजिए, दो चार ईश्वर भक्तों से जो रामधुन गा रहे हैं। निंदको की-सी एकाग्रता, परस्पर आत्मीयता, निमग्नता भक्तों में दुरलभ है। इसलिए संतों ने निंदको को आंगन कुटी छवाय पास रखने की सलाह दी है कुछ 'मिशनरी' निंदक मैने देखे हैं। उनका किसी से बैर नहीं, धूप नहीं । वे किसी का बुरा नहीं सोचते पर चीबीस घंटे वे निंदा-कर्म में वात पवित्र भाव से लगे रहते हैं कि ये प्रसंग आने पर अपने बाप की पगड़ी भी उसी आनंद से उछालते हैं, जिस आनंद से अन्य लोग दुश्मन की निंदा इनके लिए टॉनिक होती है। इयां-ट्वेष से प्रेरित निंदा भी होती है। वह ईया - वेष से चौबीसों घंटे जलता है और निदा का जल छिड़ककर कुछ शांति अनुभव करता है। ऐसा निदक बड़ा दयनीय होता है। अपनी अक्षमता से पीड़ित वह बेचारा दूसरे की सक्षमता के चाँद को देखकर सारी रात श्वान जैसा भौकता है। ईष्य्या- दूद्वेष से प्रेरित निंदा करने वाले को कोई दंड देने की जरूरत नहीं है। वह निंदक बेचारा स्वयं दंडित होता है । जाप चैन से सोझा और वह जलन के कारण सो नहीं पाता । उसे और क्या दंड चाहिए निरंतर अच्छे काम करते जाने से उसका दंड भी सख्त होता जाता है; जैसे- एक कवि ने एक अच्छी कविता लिखी, ईष्यग्रस्त निदक की कष्ट होगा अब अगर एक और अच्छी कविता लिख दी, तो उसका कष्ट दुगुना हो जाएगा।

(i) निंदको की-सी एकाग्रता, आत्मीयता व निमग्नता किसमें दुर्लभ है?
(क) साधारण लोगों में (ख) ईश्वर भक्तों में (ग) शिक्षितों में (घ) नास्तिकों में

(ii) निंदको को पास रखने की सलाह किसने दी है
(क) संतो ने (ख) साथियों ने (ग) भाग्यवान ने (घ) पड़ोसियों ने

(iii) निंदा-कर्म से पवित्र भाव से कौन लगा रहता है
(क) निंदक (ख) पड़ोसी (ग) अपने रिश्तेदार (घ) मिशनरी निंदक

(iv) ईर्ष्या, द्वेष, की आग में जलने वाला शांति का अनुभव कैसे करता है
(क) कार्बन डाइऑक्साइड से (ख) मिट्टी डालकर (ग) निंदा का जल छिड़ककर (घ) भगवत भजन करके

(v) कवि की अच्छी कविता पर ईर्ष्याग्रस्त निंदक कैसा अनुभव करता है
(क) कष्ट का (ख) सुख का (ग) खुशी का (घ) प्रसन्नता का

**(2) शब्द व पद से संबंधी प्रश्न :-** **(2x1=2)**

(क) वर्णों की सार्थक इकाई क्या कहलाती है ?
(ख) <u>फल</u> , <u>फूल</u>, <u>अंकित</u>, <u>शिमला</u> -में रेखांकित शब्द क्या हैं ?

**(3) निम्नलिखित में से विकल्प छाँट कर प्रश्नों के उत्तर दें :-** **(3x1=3)**

(क) **संगठन** में उपसर्ग और मूल शब्द है-
(i) सम् + गठन (ii) सन् + गठन (iii) स + गठन

(ख) **आकृष्ट** में उपसर्ग है -
(i) आक (ii) आकृ (iii) आ

(ग) **आन** प्रत्यय से बना शब्द कौन-सा है ?
(i) रोज़ाना (ii) बेईमान (iii) मिलान (iv) सारे ठीक

**(4)** (क) अनुनासिक युक्त शब्द चुने :- **(2x1=2)**
(i) चाँद (ii) बाँधकर (iii) पहुँच (iv) सभी ठीक हैं

(ख) अनुस्वार युक्त सही शब्द चुने :-
(i) पत्रिकाएं (ii) संख्या (iii) अतं (iv) इनमें से कोई नहीं

## खंड- ख (पाठ्यपुस्तक)

**(5) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्पों का चयन कीजिए :-** **(3x1=3)**

यह महान दृश्य है,
चल रहा मनुष्य है,
अश्रु श्वेद रक्त से,
लथपथ लथपथ लथपथ,
अग्निपथ अग्निपथ अग्निपथ।

(i) कवि के अनुसार कौन से मनुष्य अंत में अपनी मंजिल को हासिल कर लेते है?

(क) खून-पसीने से लथपथ हो कर आगे बढ़ने वाले (ख) किसी से मदद लेने वाले

(ग) जीवन के अंत में हार मानने वाले (ड) इनमें से कोई नहीं

(ii) कवि के अनुसार 'अग्नि-पथ' अर्थ है?

(क) जिस रास्ते पर आग लगी हो। (ख) संघर्ष पूर्ण जीवन। (ग) आग से सना हुआ रास्ता। (घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) कवि के अनुसार महान दृश्य क्या है?

(क) कठिन समय में भी आगे बढ़ते हुए मनुष्यों को देखना (ख) महान व्यक्तियों के दर्शन करना

(ग) जीवन के अंत में हार मानाने वालों को देखना (ड) इनमें से कोई नहीं

**(6) निम्नलिखित गद्यांश पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर दें :-** **(3x1=3)**

गांधीजी के पास आने के पहले अपनी विद्यार्थी अवस्था में महादेव ने सरकार के अनुवाद - विभाग में नौकरी की थी। नरहरि भाई उनके जिगरी दोस्त थे। दोनों एक साथ वकालत पढ़े थे। दोनों ने अहमदाबाद में वकालत भी साथ-साथ ही शुरू की थी। इस पेशे में आमतौर पर स्याह को सफ़ेद और सफ़ेद को स्याह करना होता है। साहित्य और संस्कार के साथ इसका कोई संबंध नहीं रहता।

(i) नरहरि भाई और महादेव ने साथ-साथ किसकी पढ़ाई की थी?

(क) सम्पादकीय (ख) वकालत (ग) स्नाकोत्तर (घ) हिंदी-अनुवाद

(ii) महादेव का किस चीज़ में कोई मुकाबला नहीं कर सकता था?

(क) बोलने में (ख) काम करने में (ग) लिखावट में (घ) चलने में

(iii) महादेव के घनिष्ठ मित्र कौन थे?

(क) लेखक (ख) गांधीजी (ग) सम्पादक (घ) नरहरि भाई

**(7) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :-** **(6x2=12)**

(i) लोग किन अत्याचारों की कहानियाँ किसको सुनाते थे? क्यों? 'शुक्रतारे के समान' पाठ के आधार पर बताएं।

(ii) कल्लू किसका भक्त था और उसके साथ क्या हुआ ?

(iii) खुशबू रचते हैं हाथ कविता का क्या संदेश है ?

(iv) डा० रामन ने युवकों को क्या संदेश दिया है?

(v) अग्निपथ कविता में कवि के अनुसार मनुष्य की असली परीक्षा कब होती है?

(vi) मेरा निजी पुस्तकालय पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक की जान किस में बसती थी?

## खंड- ग (लेखन)

**(8) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए-** **(5)**

**(क) परोपकार** : संकेत - बिन्दु - परोपकार का अर्थ, परोपकार से लाभ, परोपकारी व्यक्तियों के उदाहरण

**(ख) दूरदर्शन** : संकेत-बिन्दु — दूरदर्शन की भूमिका, शैक्षणिक लाभ, विकास में योगदान

**(ग) आतंकवाद के दुष्परिणाम** : संकेत- बिन्दु - आतंकवाद के प्रसार के कारण,भारत और विश्व में आतंकवाद, उपाय

**(घ) जल ही जीवन है :** संकेत बिंदु: - जल का महत्व, जल संकट के कारण, जल संरक्षण के उपाय

**(9) (क)** विदेश यात्रा पर जाने वाले मित्र को उसकी मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए पत्र लिखिए । **(5)**

**अथवा**

**(ख)** आपसे अपने बचत खाते की चेक बुक खो गई है इस संबंध में अपने पिताजी को पत्र लिखिए।